>

Title: Need to expedite the construction of roads in Dewas Parliamentary Constituency in Madhya Pradesh which have been put on hold by the State Government.

*m0

श्री सज्जन वर्मा (देवास): महोदय, मैं मध्य प्रदेश के देवास क्षेत्र से सांसद हूं। मेरे लोकसभा क्षेत्र में भूतल परिवहन विभाग द्वारा गत वर्ष दस सड़कें केंद्रीय सड़क निधि से मंजूर की गयी थीं। दुर्भाग्य का विषय यह है कि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है। दो बार केंद्र सरकार ने करोड़ों रुपये की राशि मध्य प्रदेश सरकार को दी, उन दस सड़कों के लिए दो बार टेंडर हुए, लेकिन दोनों बार टेंडर की प्रक्रिया मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने बीच में रोक दी, मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि भूतल परिवहन विभाग का कोई कंट्रोल राज्य सरकार पर नहीं है। कम से कम केंद्रीय भूतल परिवहन विभाग अपनी नीतियों में परिवर्तन करे, जो करोड़ों रुपये की राशि राज्य सरकारों को भेजती है, वहां पर कोई दबाव हो, ताकि जिन सड़कों को पहले मंजूर करते हैं, वे सड़कें पहले बनें। मेरे प्रकरण में उदाहरण यह है कि जो राशि मेरे क्षेत्र के लिए गई, वह मेरे क्षेत्र में खर्च न होकर, दूसरे क्षेत्र में, जहां बीजेपी के सांसद हैं, वहां की सड़कों के टेंडर कॉल करके, वहां की सड़कें बनना चालू हो गयी हैं। मेरा अनुरोध केंद्र सरकार के भूतल परिवहन विभाग से यह है कि अपनी नीतियों में सुधार करें जिससे कम से कम अनजस्टिस न हो, इस पर रोक लगाएं, वरना मुझे बाध्य होकर भाजपा की प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार के खिलाफ न्यायपालिका की शरण में जाना पड़ेगा।